# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**28.12.2025** **15:00 बजे**

## प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दुनिया ने स्पष्ट रूप से देखा कि अब भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता।

प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जोश की प्रंशसा की। उन्होंने लोगों से हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजने का अनुरोध किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 खेल के लिए भी यादगार रहा। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्वकप जीता।एशिया कप टी–20 क्रिकेट में भी तिरंगा गौरव से लहराया।

## डॉक्टर हड़ताल

आई.जी.एम.सी शिमला सहित प्रदेश भर में रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ा है। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन की हड़ताल के बाद रूटीन ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं जबकि आपातकालीन ऑपरेशन जारी हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों ने कल आईजीएमसी में विरोध प्रदर्शन किया और डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी को रद्द करने की मांग की। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाद्दाता की यह रिपोर्ट :

***मरीज से मारपीट मामले में बर्खास्त किए गए डॉक्टर की सेवाओं की बहाली की मांग को लेकर आईजीएमसी शिमला के रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं जिसका पूरे हिमाचल प्रदेश में रेजीडेंट डॉक्टर और डॉक्टर के अन्य संघ समर्थन कर रहे हैं। हड़ताल के चलते मरीजों को बिना इलाज के रहना पड़ रहा है हालांकि आज रविवार की छुट्टी होने के चलते हड़ताल का ज्यादा असर नहीं है लेकिन बीते कल मरीजों को खासी दिक्कतें झेलनी पड़ी। दूसरी तरफ सरकार ने सख्त निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होनी चाहिए लेकिन रेजिडेंट डॉक्टर अपनी मांगों पर अडिग हैं। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। सरकार हर रोज मॉनिटरिंग कर रही है।रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल अनावश्यक है।मुख्यमंत्री के दिल्ली से शिमला लौटने पर इस मामले को लेकर डॉक्टर से बातचीत की जाएगी और विवाद को सुलझाने का सरकार प्रयास किया जाएगा।,***

***आकाशवाणी के लिए मैं योगराज शर्मा***

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि मनाली को लाहौल से जोड़ने वाली दुनिया की सबसे लम्बी राजमार्ग सुरंग अटल टनल रोहतांग ने लाहौल घाटी में पर्यटन की तस्वीर ही बदल दी है। उन्होंने ''मोदी युग में आर्थिक सशक्तिकरण'' नामक अपनी पुस्तक में भी इसका उल्लेख किया है।

सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में ये सुरंग बनकर तैयार हुई है और इससे लाहौल घाटी की सामाजिक स्थिति में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस सुरंग को हर महीने औसतन एक लाख पर्यटक पार करते हैं।

## शिमला–कांगड़ा–कार्निवाल

राजधानी शिमला के विंटर कार्निवल में पर्यटकों व स्थानीय लोगों में खासा उत्साह और भारी भीड़ देखी जा रही है। कार्निवल में सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा लोग विभिन्न पारम्परिक व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं। कार्निवल की चौथी सांस्कृतिक संध्या में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हिमाचली गायक राजीव राजा ने लोगों का खूब मनोरंजन किया और एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर समा बांधा।